आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 212 | उज्जैन, रविवार 22 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## डोंगला की प्रतिष्ठा के साथ आधुनिकीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान तथा अध्यात्म का अद्भुत समावेश



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा'' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा। डोंगला की महत्ता सर्वविदित है। राज्य सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक शोध के लिए कटिबद्ध है। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर और अधिक रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन भारतीय ज्ञान का समन्वय करते हुए आज के युग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन द्वारा कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ऐतिहासिक महत्व,महापुरुषों और नगरी की प्रतिष्ठा पर चर्चा करते हुए सिंहस्थ स्नान के परम आध्यात्मिक आनंद को भी वर्णित किया।

## राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर अनियमितता के आरोप लगाए



नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल ने कहा कि आयोग को जवाब देने जरूरत है, तो वह सबूत मिटा रहा है। दरअसल चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी , वेबकास्टिंग और वीडियो फुटेज नष्ट कर दिए जाएं। इसी संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। राहुल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देंगे। CCTV फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे।

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर हमलावर- राहुल गांधी ने आगे लिखा, जिससे जवाब चाहिए था - वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है - मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर है। बता दें कि राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अनियमितता का आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने आयोग से मतदाता सूची, मतदान डेटा और वीडियो फुटेज की मांग कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इसके जवाब में कहा था कि राहुल गांधी सिर्फ आरोप लगा रहे हैं, लेकिन लिखित शिकायत नहीं कर रहे हैं। अपने हालिया फैसले में चुनाव आयोग ने 45 दिनों में चुनाव प्रक्रिया के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और वीडियो फुटेज डिलीट करने को कहा था।

## भारतीयों को तेहरान से लेकर नई दिल्ली पहुंचा ईरानी एयरलाइंस का विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान में फंसे भारतीयों को लेकर ईरानी विमानन कंपनी महान एयर का विमान शुक्रवार रात 11.25 बजे आइजीआइ एयरपोर्ट पर उतरा। विमान के रनवे पर उतरते ही इसमें सवार यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। टर्मिनल से बाहर बड़ी संख्या में स्वजन उनका इंतजार कर रहे थे।

सीधे तेहरान से नई दिल्ली के लिए विमान ने भरी उड़ान- तेहरान स्थित इमाम खोमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 290 भारतीय नागरिकों को लेकर महान एयर के इस विमान ने (उड़ान संख्या डब्ल्यू 5071) शुक्रवार को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे नई दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी।

अफगानिस्तान फिर पाकिस्तान होता हुआ विमान आया भारत- विमान ईरान से अफगानिस्तान फिर पाकिस्तान की वायु सीमा पार करने के बाद सीधे राजस्थान में दाखिल हुआ। इसके बाद हरियाणा होता हुआ करीब 11:22 बजे नई दिल्ली वायु सीमा में दाखिल हुआ।

## फर्जी खबरों पर लगाम लगाने के लिए कर्नाटक में सात साल कि जेल का प्रस्ताव






नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक सरकार ने गलत सूचना पर रोक लगाने के लिए एक नया विधेयक तैयार किया है। इसमें फर्जी खबरें पोस्ट करने पर इंटरनेट मीडिया यूजरों के लिए कड़ी सजा का प्रविधान किया गया है।

सोशल मीडिया पर फर्जी खबर फैलाने वालों पर लगेगी लगाम- यदि किसी इंटरनेट मीडिया यूजर को फर्जी खबरें फैलाने का दोषी पाया जाता है, तो उसे सात साल तक की जेल और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती है।

मसौदा अगली बैठक में कैबिनेट के सामने रखा जाएगा- कर्नाटक गलत सूचना और फर्जी समाचार (निषेध) विधेयक, 2025 का मसौदा अगली बैठक में कैबिनेट के सामने रखे जाने की संभावना है। मसौदा विधेयक के अनुसार, राज्य सरकार इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी खबरों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करेगी।

गलत सूचना सार्वजनिक सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव के लिए हानिकारक- कर्नाटक के बाहर या अंदर कोई भी व्यक्ति जो राज्य के लोगों को गलत सूचना देता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक शांति या स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन के लिए हानिकारक है, तो उसे जेल की सजा होगी और जुर्माना भी देना होगा।

## रामजन्मभूमि परिसर का समस्त निर्माण कार्य इसी वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। रामजन्मभूमि परिसर का समस्त निर्माण कार्य इसी वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। तब तक परिसर में निर्माणाधीन परकोटा का निर्माण पूरा होगा और इसके मध्य निर्मित पूरक मंदिरों तक आने-जाने के लिए संपर्क मार्ग बन जाएगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि इसके साथ ही परिसर में बिखरे पड़े पत्थरों को यथास्थान सुरक्षित रखवा दिया जाएगा। अक्टूबर तक ही राम मंदिर के द्वितीय तल का भी अवशेष कार्य पूरा हो जाएगा। तब तक शेषावतार मंदिर का शिखर भी बन जाने की संभावना है। यह कहना था श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय का। वह शुक्रवार को दोपहर में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

इससे पहले राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को आमंत्रित कर रामलला व राम दरबार का दर्शन कराया गया। सभी पत्रकारों ने पहले राम मंदिर के भूतल पर विराजमान रामलला का दर्शन किया, इसके बाद प्रथम तल पर पहुंच कर बारी-बारी से राम दरबार का दर्शन किया।

इस दौरान साथ में रहे महासचिव चंपतराय, सदस्य डा. अनिल कुमार मिश्र, राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव व आरजेबी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगदीश आफले ने पत्रकारों की जिज्ञासाओं को शांत किया। इसके बाद ट्रस्ट ने पत्रकारों के दल के साथ फोटो सेशन भी कराया।

## दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी आग



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर शनिवार शाम करीब चार बजे बम्हेटा अंडरपास के ऊपर कार में आग लग गई। हादसे के समय कार में चालक और एक सवारी मौजूद थे। कार पहले चलते हुए अचानक बंद हुई इसके बाद उसमें धुआं निकलने लगा। चालक कुछ समझ पाता तभी कार में आग लग गई और कुछ ही देर में पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

## अफ्रीका से लेकर लैटिन अमेरिका तक, अगले महीने इन 5 देशों की यात्रा की योजना बना रहे पीएम मोदी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने यानी जुलाई की शुरुआत में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के पांच देशों का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, त्रिनिदाद और टोबैगो, और जॉर्डन की यात्रा करेंगे। यह दौरा ग्लोबल साउथ में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को मजबूत करने और हालिया पहलगाम हमले के बाद व्यापक आतंकवाद विरोधी गठबंधन को आकार देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है।

यात्रा का पहला पड़ाव- मोरक्को- इस बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का मोरक्को जाना लगभग तय माना जा रहा है। मोरक्को के राजा मोहम्मद ड्ढ्ढ से मुलाकात के लिए राबात में बैठक होगी। यह यात्रा पिछले कुछ वर्षों से चर्चा में थी, लेकिन कार्यक्रमों के मेल न बैठने के कारण इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका था। मोरक्को एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रमुख अरब राष्ट्र है, जिसकी पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी यूरोप में मजबूत पकड़ है। उत्तर अफ्रीका में यह एक अहम स्तंभ के रूप में उभरा है।

अर्जेंटीना- महत्वपूर्ण खनिज और रक्षा सहयोग- मोरक्को के बाद, पीएम मोदी अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे, जो महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है। ब्यूनस आयर्स में होने वाली इस यात्रा से भारत और अर्जेंटीना के बीच कृषि, रक्षा और कनेक्टिविटी क्षेत्रों में संबंधों को विस्तार देने की संभावना है। यह दौरा ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत की रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा।

ब्राजील- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन- 6-7 जुलाई को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और इथियोपिया जैसे देशों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और नाइजीरिया जैसे ब्रिक्स साझेदार देशों के नेताओं से भी उनकी मुलाकात हो सकती है। ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स ने छह प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें वैश्विक शासन सुधार, जलवायु परिवर्तन, जलवायु वित्तपोषण, वैश्विक स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अर्थव्यवस्था व वित्त शामिल हैं।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिकी दूत डोरोथी शीआ ने भाषण के दौरान कि गलती



नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिकी दूत डोरोथी शीआ ने भाषण के दौरान गलती कर दी। उन्होंने जुबान फिसलने के चलते इजरायल को मध्य पूर्व में अराजकता, आतंक और पीड़ा फैलाने का जिम्मेदार ठहरा दिया। हालांकि, इसके बाद उन्होंने तुरंत अपनी गलती सुधार ली और कहा कि ईरान की सरकार ने क्षेत्र में अराजकता, आतंक और पीड़ा फैलाई है। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अमेरिकी दूत ने अपने भाषण में इजरायल के प्रति यूएस के समर्थन को दोहराया। उन्होंने कहा, अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ उसकी कार्रवाइयों का समर्थन करता है।

अमेरिकी दूत डोरोथी शीआ ने गलती से कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ईरान की सरकार हमास के इजरायल पर घातक हमले के पीछे वैचारिक और भौतिक समर्थन देने वाली शक्ति थी। उन्होंने ईरान की सरकार को सही रास्ता अपनाने का आह्वान किया। साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि ईरान को अपना परमाणु संवर्धन कार्यक्रम और परमाणु हथियार हासिल करने की महत्वाकांक्षाएं पूरी तरह छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान ने वह समझौता ठुकरा दिया, जिससे वह परमाणु हथियार प्राप्त करने से रुक सकता था। शीआ ने चेतावनी दी कि अब ईरान के पास परमाणु हथियार के लिए जरूरी सभी संसाधन हैं और केवल उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के फैसले का इंतजार है। डोरोथी शीआ ने जी-7 नेताओं के हवाले से कहा कि ईरान मध्य पूर्व में अस्थिरता और आतंक का प्रमुख स्रोत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इजरायल के ईरान के खिलाफ हमलों में अमेरिका शामिल नहीं है, लेकिन वह इजरायल का समर्थन करता है। वहीं, शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका इस युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है, तो यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम की संभावनाओं पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि इजरायल के हमलों को रोकना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ईरान कमजोर स्थिति में है।

# ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका को दी चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका इजरायल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। हालांकि इस बातचीत में कोई कूटनीतिक सफलता हासिल नहीं हो सकी। वार्ता समाप्त होने पर अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल की




ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रंप ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान सक्रिय रूप से परमाणु हथियार कार्यक्रम नहीं चला रहा है। उनका यह बयान अमेरिकी और इजरायल दोनों के दावों के विपरीत है। ट्रंप ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है। गौरतलब है कि इस्लामिक सहयोग संगठन तुर्की में शनिवार को इस्तांबुल में बैठक करने वाला है, जिसमें 57 सदस्य देश शामिल हैं। ईरान के विदेश मंत्री इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान इजरायल की ओर से जारी हमले पर चर्चा की जाएगी। वहीं, इजरायली सशस्त्र बलों (आईडीएफ) ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ड्रोन प्रमुख अमीनपुर जौदकी और ईरानी कुद्स फोर्स के फिलिस्तीन कोर कमांडर सईद इज़ादी के मारे जाने का दावा किया है। इजरायल के रक्षामंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को यह जानकारी दी। काट्ज ने बताया कि इजादी की मौत मध्य तेहरान में एक अपार्टमेंट पर हमले में हुई। वह सात अक्टूबर के हमले से पहले हमास को वित्तपोषित करने और हथियार देने के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने इस ऑपरेशन को इजरायली खुफिया और वायु सेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि बतायी।

## पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ अत्याचार की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ अत्याचार की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शाहदादपुर में चार हिंदू भाई-बहनों का अपहरण कर लिया गया और उन्हें जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। 22 वर्षीय जिया बाई, 20 वर्षीय दिया बाई और 16 वर्षीय दिशा बाई के अलावा, इन तीनों बहनों के 13 वर्षीय भाई हरजीत कुमार को किडनैप कर इस्लाम कबूल करवाया गया। इस घटना ने स्थानीय हिंदू समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है और पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवस्थित उत्पीड़न पर सवाल उठाए हैं। बच्चों की मां न्याय के लिए भटक रही है। क्या है पूरा मामला?- रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सिंध प्रांत के शाहदादपुर में हुई, जहां इन चारों भाई-बहनों को अगवा कर लिया गया। पीड़ितों की मां ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थानीय कंप्यूटर शिक्षक फरहान खासखेली पर बच्चों को बहकाने और अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने आंखों में आंसू लिए कहा, मेरे पास तीन बेटियां थीं, और फरहान ने उन सभी को ले लिया। मां ने विशेष रूप से अपने 13 वर्षीय बेटे की वापसी की गुहार लगाई, जिसके बारे में उनका कहना है कि वह इतनी छोटी उम्र में धर्म के बारे में समझने में सक्षम नहीं है।

# इजरायल और ईरान की जंग के बीच एक बड़ी वॉर्निंग सामने आई



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान के बीच जंग छिड़ी हुई है। इजरायल की मंशा है कि ईरान के परमाणु ठिकानों को तबाह कर दिया जाए। इन सबके बीच यूएन के परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख ने गंभीर चेतावनी दी है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अगर बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाया गया तो मिडिल ईस्ट में परमाणु आपदा आ सकती है। राफेल ग्रॉसी ने यूएन सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहाकि हालांकि अभी तक रेडिएशन लीकेज का पता नहीं चला है। लेकिन बुशहर पर हमले के परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। ग्रॉसी ने चेतावनी देते हुए कि इस क्षेत्र के देशों ने पिछले कुछ घंटों में मुझसे संपर्क किया है। उन्होंने अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। लेकिन एक बात मैं पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर बुशहर पर हमला हुआ तो काफी मात्रा में रेडियो एक्टिविटी पदार्थ निकलेगा।

# अमेरिका में मुनीर के लंच के बाद पाकिस्तान की खूब किरकिरी हो रही है



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में सेना और सरकार के गठजोड़ पर सवाल उठने लगा है। पाकिस्तानी मीडिया में इसकी खासी आलोचना हो रही है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने इसको लेकर सवाल उठाया है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनरो के पिछले दिनों अमेरिकी प्रेसीडेंट ट्रंप के साथ लंच करने गए थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इसकी तारीफ की थी। उन्होंने इसे हाइब्रिड सिस्टम बताते हुए ट्वीट भी किया था। इसको लेकर ख्वाजा आसिफ घिरते नजर आ रहे हैं। सेना और सरकार के गठजोड़ की तारीफ करने पर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री को अपने ही देश में आड़े हाथों लिया जा रहा है। मीडिया में उठा सवाल - इस बीच डॉन अखबार ने अपने संपादकीय में मंत्री के इस बयान पर सवाल उठाए हैं। अखबार ने लिखा है कि मंत्री इस मॉडल की तारीफ ऐसे कर रहे हैं मानो यह कोई सम्मान वाली बात हो। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि पाकिस्तान की बेहतर होती हालत इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच बेहतर संबंधों का नतीजा है। गौरतलब है कि इस्लामाबाद पाकिस्तान की राजधानी है और रावलपिंडी सेना मुख्यालय। इसके बाद सोशल मीडिया पर यह चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने ख्वाजा आसिफ की बातों के मतलब निकालने शुरू कर दिए। कुछ लोगों ने तो यहां तक पूछ लिया कि क्या यह बात उस व्यक्ति ने कही है, जिसकी पार्टी ने कुछ वक्त पहले सिविलियन सुप्रीमेसी का नारा बुलंद किया था।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने सैन्य अड्डों पर खड़े विमानों को किया क्षतिग्रस्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन में फिलिस्तीन समर्थकों ने शुक्रवार (20 जून, 2025) को सेंट्रल इंग्लैंड के रॉयल एयर फोर्स बेस में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके ऊपर लाल रंग छिड़क दिया। फिलिस्तीन एक्शन नाम के कैंपेन ग्रुप का कहना है कि उसके के दो एक्टिविस्ट ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिज नॉर्टन बेस में घुस गए थे। उन्होंने वायेजर विमान के इंजनों पर पेंट छिड़क दिया और बहुत नुकसान पहुंचाया।

इस ग्रुप ने घटना एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा, इजरायली सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद ब्रिटेन मिलिट्री कार्गो को भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/ इजरायली फाइटर प्लेन को ईंधन भरना जारी रखे हुए है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की और कहा कि वह जांच के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है।

क्या बोला रक्षा मंत्रालय- बयान में कहा गया, हमारी आर्म्ड फोर्स सबसे बेस्ट है। वो हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और उनका कर्तव्य, समर्पण और निस्वार्थ व्यक्तिगत बलिदान का प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों का समर्थन करें जो हमारी रक्षा करते हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि वो इस बात की जांच कर रही है कि ये लोग एयरबेस तक कैसे पहुंचे और क्रिमिनल डैमेज का क्या कारण रहा?

# भारत के आगे घुटनों पर आया पाकिस्तान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर, सिंधु जल संधि, व्यापार और आतंकवाद से मुकाबला सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत करने की इच्छा जताई। शहबाज ने अमेरिकी विदेश मंत्री से की बात- सरकारी चैनल पाकिस्तान टेलीविजन द्वारा एक्स पर जारी एक बयान के अनुसार शहबाज ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। शहबाज शरीफ ने बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शुभकामना दी। उन्होंने राष्ट्रपति की उनके साहसी नेतृत्व के लिए प्रशंसा की।

अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ वार्ता के दौरान कही यह बात- उन्होंने रूबियो की सक्रिय कूटनीति की भी सराहना की, जिसने पाकिस्तान और भारत को संघर्ष विराम समझौते पर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संदर्भ में उन्होंने जम्मू-कश्मीर, सिंधु जल संधि, व्यापार और आतंकवाद से मुकाबला सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई।

बताते चलें, भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल गुलाम जम्मू-कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। रूबियो ने पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी प्रयासों की सराहना की और ऐसे सभी खतरों से निपटने में अमेरिका द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने भारत के साथ संघर्ष विराम समझौता कायम रखने के पाकिस्तान के संकल्प की भी सराहना की।

# पश्चिम बंगाल के बीरभूम में अचानक हुआ बड़ा बम धमाका



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में शुक्रवार की रात को भयंकर बम ब्लास्ट देखने को मिला। लभपुर ब्लॉक के पास स्थित हातिया गांव में दो गुटों के बीच अचानक हिंसा भड़क गई, जिसके बाद यह धमाका हुआ। इस दौरान दो लोगों की जान चली गई।

शनिवार को पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा में शामिल दोनों गुट आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए दोनों गुटों के बीच झड़प शुरू हुई और फिर इलाके में हिंसा भड़क गई। मृतकों की नहीं हुई पहचान

बीरभूम के एसपी अमनदीप ने घटना में दो लोगों की जान जाने की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। इस धमाके में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, पुलिस ने घायलों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

क्या है पूरा मामला- बता दें कि हातिया गांव की हिंसा में शामिल दोनों गुटों में पुरानी दुश्मनी है। स्थानीय लोगों की मानें तो हिंसा में शामिल दोनों गुट सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कांग्रेस से जुड़े हैं। दोनों गुटों पर नकली सिक्के छापने का आरोप है। हिंसा में एक तरफ शेख मैनुद्दीन और उसके सहयोही शेख मुसतफी शामिल थे। वहीं, दूसरे गुट की अगवाई शेख मुनीर कर रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, मुनीर काफी समय से मैनुद्दीन और मुस्तफी को इलाके से दूर रखने में कामयाब था। हालांकि शुक्रवार को मैनुद्दीन ने इलाके में घुसने की कोशिश की, जिसे मुनीर ने रोक दिया।

## मुंबई और कर्नाटक में लगातार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक ब्रेक के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। तेजी से बढ़ते हुए दिल्ली की दहलीज पर पहुंच चुका है और एक-दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कभी भी दस्तक दे सकता है। वैसे दिल्ली में मानसून के आने की सामान्य तिथि 26 से 27 जून है। किंतु इस बार चार-पांच दिन पहले आने की स्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में पहले ही मानसूनी वर्षा शुरू हो चुकी है।

राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में पहले ही मानसूनी वर्षा शुरू हो चुकी है। अब बारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत पंजाब और हरियाणा की है। अब तक बिहार, पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल के कुछ हिस्सों में मानसून पहुंच चुका है।

राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी- भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने अगले एक सप्ताह तक हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## डीजीसीए ने एअर इंडिया पर लिया बड़ा एक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया पर बड़ा एक्शन लेते हुए परिचालन संबंधी खामियों के लिए जिम्मेदार तीन अधिकारियों को चालक दल की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का निर्देश दिया है।

DGCA ने इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी के आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है और कहा है कि ऐसी कार्रवाई के परिणाम की रिपोर्ट 10 दिनों के भीतर दी जाएगी।

DGCA ने क्या कहा- DGCA ने एअर इंडिया के जवाबदेह प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि मौके पर जांच के दौरान यह पाया गया है कि एअर इंडिया के जवाबदेह प्रबंधक ने 16 मई 2025 और 17 मई 2025 को बेंगलुरु से लंदन के लिए दो उड़ानें संचालित कीं, जिनमें से दोनों ने 10 घंटे की निर्धारित उड़ान समय सीमा को पार कर लिया। डीजीसीए ने अधिकारी से सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है और पूछा है कि उल्लंघन के लिए उचित प्रवर्तन कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जाए।

## पीएम मोदी से भी मिलना चाहिए, पूर्व रॉ प्रमुख दुलत ने मुनीर की ट्रंप से मुलाकात को सराहा





नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका में हुई मुलाकात की सराहना करते हुए कहा कि मुनीर को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का आग्रह करना चाहिए ताकि भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सुधारा जा सके।

जियो न्यूज को दिए साक्षात्कार में दुलत ने याद किया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पोती की शादी में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा की थी और कहा कि पाकिस्तान को भी ठंडे पड़े संबंधों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

दुलत ने दी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बधाई- दुलत ने कहा कि मैं फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को बधाई देता हूं। पाकिस्तान के लोगों को भी बधाई। उन्हें अब आकर हैदराबाद हाउस में मोदी जी से मिलना चाहिए और फिर अमृतसर का दौरा करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि कड़े रुख को नरम किया जा सकता है। 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने नवाज शरीफ की पोती की शादी में भाग लेने के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। चीजें सुधर सकती हैं और उन्हें सुधारना चाहिए। किसी को पहल करनी होगी। इमरान खान जेल में हैं। फील्ड मार्शल या प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ यह कर सकते हैं।

भारत और पाकिस्तान के संबंध बेहद खराब- दुलत ने स्वीकारा कि हालिया संघर्ष के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहद खराब हैं। लेकिन उन्होंने बदलाव की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हो सकती है, तो मुनीर को दिल्ली भी आना चाहिए।

## कभी सुसाइड स्पॉट के नाम से मशहूर था तेलंगाना का यह गांव; अब कैसे बना जीवन रक्षक, 300 लोगों की बचाई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना के निजामाबाद जिले में स्थित यामचा गांव अचानक सुर्खियों में आ गया है। इस गांव में रहने वाले लोगों ने लगभग 300 लोगों को आत्महत्या करने से रोका है। कभी सुसाइड स्पॉट के नाम से मशहूर यह गांव अब लोगों की जिंदगी बचाने के लिए जाने जाता है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गांव से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर गोदावरी नदी बहती है। इस नदी पर बसारा पुल बना है, जहां से कूदकर लोग अक्सर अपनी जान दे देते थे। मगर पिछले साल से आत्महत्या का यह सिलसिला अब थमने लगा है।

हमेशा सतर्क रहते हैं गांव के लोग- नवीपेट पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, ÷गांव के लोगों ने पिछले कुछ सालों में कम से कम 300 लोगों को आत्महत्या करने से रोका है। गांव के लोग इसे लेकर बेहद सतर्क रहते हैं।

पुलिस के अनुसार, बसारा पुल गांव से 1 किलोमीटर की दूरी पर है। इस गांव के लोग बेहद चौकन्ने रहते हैं। जब भी कोई संदिग्ध शख्स आत्महत्या के लिए पुल पर पहुंचता है, गांव के लोग उसकी कोशिश को नाकाम कर देते हैं।

गांव के लोग करते हैं काउंसलिंग- पुलिस ने बताया कि गांव के लोग आत्महत्या की कोशिश करने वाले व्यक्ति की काउंसलिंग करते हैं और फिर पुलिस को फौरन इसकी सूचना देते हैं। पुलिस भी फौरन मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने की कोशिश करती है।

महाराष्ट्र के लोग भी करते थे सुसाइड- अधिकारियों के अनुसार, एक समय पर बसारा पुल सुसाइड स्पॉट के रूप में जाना जाता था। यहां न सिर्फ निजामाबाद और निर्मल टाउन बल्कि महाराष्ट्र तक से लोग जिंदगी से हताश होकर आत्महत्या करने आते थे। ऐसे में अगर कोई नदी में डूब भी जाता था, तो गांव के लोग तुरंत एक्सपर्ट स्वीमर्स को बुलाकर आत्महत्या करने वाले रेस्क्यू कर लेते थे।

## कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की जांच के लिए केंद्र ने समिति बनाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोचिंग संस्थानों और डमी स्कूलों के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है।

उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली यह समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगी। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति वर्तमान स्कूली शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं।

किस बात पर गौर करेगी ये समिति- विशेष रूप से यह समिति इस बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बहुत से छात्र डमी स्कूलों में दाखिला लेना पसंद करते हैं, ताकि वे केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकें। वे कक्षाओं में नहीं जाते और सीधे बोर्ड परीक्षा में बैठ जाते हैं।

इन मामलों की जांच कराएगी समिति- मेडिकल और इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए राज्य कोटा का लाभ उठाने के लिए भी अभ्यर्थी डमी स्कूल चुनते हैं। अधिकारी ने कहा कि डमी स्कूल उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी।

समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण द्वादशी

## संपादकीय

# अब हम अपने दिमाग में क्या सोच रहे हैं वह भी मशीन द्वारा बता दिया जाएगा



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश की प्रौद्योगिकी ने इतनी उन्नति कर ली है,कि अब हूबहू कृत्रिम मानव एआई कार्यबल, दिमाग, इतना ही नहीं हम अपने दिमाग में क्या सोच रहे हैं वह भी मशीन द्वारा बता दिया जाएगा जैसे मानव जीवन में नई चुनौतियों को उदय कर दिया है मैं एडवोकेट किशनसनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि हम प्रौद्योगिकी जीवन की जितनी सुख सुविधाओं का उपयोग करेंगे, तो हमें उससे होने वाले अनेकों हानियों को भी सहने के लिए तैयार रहना चाहिए हम प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हमेशा पढ़ते रहते हैं इतने लोग लिफ्ट में फंसे, इतनें उस हादसे में मृत्यु हुए घायल हुए, सबसे दुखद अभी सटीक उदाहरण 12 जून 2025 प्लेन क्रैश है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज मंत्री से लेकर संत्री तक यानी टॉप से लेकर बॉटम तक बैठे व्यक्तियों द्वारा फोन का उपयोग किया जाता है, हालांकि यह दशकों से हो रहा है परंतु इसकी प्रौद्योगिकी इतनी उन्नत हो गई है कि आज हर कॉल टेप हो रहा है,जो मुसीबत की जड़ बन सकता है। ऐसा ही काम थाईलैंड की युवा 38 वर्षीय प्रधानमंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा के साथ हुआ है, उन्होंने अपने पड़ोसी मुल्क कंबोडिया के पूर्व पीएम और सांसद के साथ अभी हाल ही मई में माह में हुए थाईलैंड कंबोडिया सीमा पर कुछ विवाद के संबंध में कुछ दिन पूर्व 17 मिनट की फोन पर बातचीत की व पारिवारिक संबंधों के कारण अंकल कहकर संबोधन किया और फिर वह कॉल लीक हो गया, जिससे ऐसा सियासी धामासान हुआ कि गठबंधन टूट गया, सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गए, व तख्ता पलट की आशंकाएं उत्पन्न हो गई है, जिससे थाई प्रधानमंत्री को 19 जून 2025 को माफी मांगनी पड़ी है। इसलिए ही मेरा मानना है कि पंजाबी भाषा में एक मशहूर कहावत है, वड्डा सडावण,वड्डा दुख पावण- जितने बड़े पद प्रतिष्ठा जिम्मेदारी या ओहदे में रहेंगे,उतने ही बड़े कष्ट, जिम्मेदारियाँ और दुख भी सहने पड़ेंगे, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एक देश के प्रधानमंत्री का फोन कॉल लीक,तख्ता पलट की आशंका, सियासी घमासान,गठबंधन टूटा, सड़कों परज़ोरदार प्रदर्शन,माफी मांगी।

साथियों बात अगर हम थाईलैंड की पीएम व कंबोडिया के पूर्व पीएम की फोन पर 17 मिनट की बातचीत की करें तो, दुनियाँ के कई पड़ोसी देशों में बॉर्डर पर झड़प होती रहती है,ऐसे माहौल में दोनों देशों की सेनाएं आमने सामने होती हैं, मरने मारने की नौबत आती है, हालांकि एक देश के पीएम ने ऐसे समय में पड़ोसी देश के नेता को फोन मिलाकर जो बातें कहीं, उसने सरकार की कुर्सी हिला दी हैं,अब 10 महीने पुरानी इस सरकार के सहयोगी ने गठबंधन का साथ छोड़ दिया है, जनता और सेना में भारी गुस्सा देखा जा रहा है, पीएम को माफी मांगनी पड़ी है और वह झट से सैनिकों के बीच पहुंच गई हैं,ये मामला थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा से जुड़ा हैं।एक फोन कॉल से सरकार गिर सकती है, खासकर उस समय जब देश के प्रधान मंत्री ने फोन कॉल पर क्या सिक्रेट बात की थी, उसकी रिकॉर्डिंग लीक हो जाए, ऐसा थाइलैंड में होता दिख रहा है जहां की प्रधान मंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ रहा है, कंबोडिया से बढ़ते सीमा विवाद को लेकर कंबोडिया के शक्तिशाली पूर्व नेता के साथ हुई पैटोंगटार्न की 17 मिनट की कॉल रिकॉर्डिंग लीक हो गई है।कॉल पर ऐसी क्या बात हो गई थाइलैंड और कंबोडिया के बीच विवादित सीमा को लेकर कई सप्ताह से कलह जारी है।

# जगन्नाथदास रत्नाकर



जगन्नाथदास रत्नाकर भारत के प्रसिद्ध कवियों में से एक थे। उन्हें आधुनिक युग के श्रेष्ठ ब्रजभाषा के कवियों में गिना जाता है। प्राचीन संस्कृति, मध्यकालीन हिन्दी काव्य, उर्दू, फ़ारसी, अंग्रेज़ी, हिन्दी, आयुर्वेद, संगीत, ज्योतिष तथा दर्शनशास्त्र इन सभी की अच्छी जानकारी जगन्नाथदास जी को थी। इन्होंने प्रचुर साहित्य सेवा की थी। ब्रजभाषा काव्यधारा के अंतिम सर्वश्रेष्ठ कवि जगन्नाथदास 'रत्नाकर' आधुनिक हिंदी साहित्य में अनुभूतियों के सशक्त चित्रकार, ब्रजभाषा के समर्थ कवि और एक अद्वितीय भाष्यकार के रूप में विख्यात हैं। उन्होंने खड़ीबोली के युग में जीवित व्यक्ति की तरह हृदय के प्रत्येक स्पंदन को महसूस करने वाली ब्रजभाषा का आदर्श खड़ा किया, जिसके हर शब्द की अपनी गति और लय है।

जीवन परिचय- बाबू जगन्नाथदास रत्नाकर का जन्म संवत 1923 (1866 ई.) में भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी को काशी (वर्तमान बनारस) के शिवाला घाट मोहल्ले में हुआ था। इनके पिता पुरुषोत्तमदास दिल्ली वाले अग्रवाल वैश्य थे और पूर्वज पानीपत के रहने वाले थे, जिनका मुग़ल दरबारों में बड़ा सम्मान था। लेकिन परिस्थितिवश उन्हें काशी आकर रहना पड़ा। पुरुषोत्तमदास फ़ारसी भाषा के अच्छे विद्वान् थे और हिन्दी फ़ारसी कवियों का बड़ा सम्मान करते थे। भारतेंदु हरिश्चंद्र उनके मित्र थे और इनके यहाँ बहुधा आया-जाया करते थे। रत्नाकर जी ने बाल्यावस्था में भारतेंदु हरिश्चंद्र का सत्संग भी किया था। भारतेंदु जी ने कहा भी था कि, किसी दिन यह बालक हिन्दी की शोभा वृद्धि करेगा।

शिक्षा- जगन्नाथदास रत्नाकर के रहन-सहन में राजसी ठाठ-बाट था। इन्हें हुक्का, इत्र, पान, घुड़सवारी आदि का बहुत शौक़ था। हिन्दी का संस्कार उन्हें अपने हिन्दी-प्रेमी पिता से मिला था। स्कूली शिक्षा में उन्होंने कई भाषाओं का ज्ञान अर्जित किया। काशी के क्वींस कॉलेज से रत्नाकर जी ने सन 1891 ई. में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें अंग्रेज़ी के साथ दूसरी भाषा फ़ारसी भी थी। ये फ़ारसी में एम.ए. की परीक्षा देना चाहते थे, पर कुछ कारणों से न दे सके।

जीविकोपार्जन- जगन्नाथदास जी ने जकी उपनाम से फ़ारसी में कविताएँ लिखना प्रारंभ किया। इस सम्बन्ध में इनके उस्ताद मुहम्मद हसन फायज थे। जब रत्नाकर जी जीविकोपार्जन की तरफ़ मुड़े तो वे अबागढ़ के खजाने के निरीक्षक नियुक्त हुए। सन 1902 में वे अयोध्या नरेश के निजी सचिव नियुक्त हुए, किन्तु सन 1906 में महाराजा का स्वर्गवास हो गया। लेकिन इनकी सेवाओं से प्रसन्न होकर महारानी जगदंबा देवी ने इन्हें अपना निजी सेक्रेटरी नियुक्त किया तथा मृत्युपर्यंत रत्नाकर जी इस पद पर रहे। अयोध्या में रहते हुए जगन्नाथदास रत्नाकर की कार्य-प्रतिभा समय-समय पर विकास के अवसर पाती रही। महारानी जगदंबा देवी की कृपा से उनकी काव्य कृति 'गंगावतरण' सामने आई। इन्होंने हिन्दी काव्य का अभ्यास प्रारंभ किया और ब्रजभाषा में काव्य रचना की।

लेखन कार्य- जगन्नाथदास रत्नाकर हिन्दी लेखन की ओर उस समय प्रवृत्त हुए, जब खड़ी बोली हिन्दी को काव्य भाषा के रूप में प्रतिष्ठापित करने का व्यापक अभियान चल रहा था। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्रीधर पाठक, पं. नाथूराम शंकर शर्मा जैसे लोग खड़ी बोली हिन्दी को भारी समर्थन दे रहे थे, लेकिन काव्य भाषा की बदलती लहर रत्नाकर जी के ब्रजभाषा-प्रेम को अपदस्थ नहीं कर सकी। वे ब्रजभाषा का आँचल छोड़कर खड़ी बोली के पाले में जाने को किसी भी तरह तैयार नहीं हुए। जब उनके समकालीन खड़ी बोली के परिष्कार और परिमार्जन में संलग्न थे, तब वे ब्रजभाषा की त्रुटियों का परिष्कार कर साहित्यिक ब्रजभाषा के रूप की साज-सँवार कर रहे थे। उन्होंने ब्रजभाषा का नए शब्दों, मुहावरों से ऐसा श्रृंगार किया कि वे सूरदास, पद्माकर और घनानंद की ब्रजभाषा से अलग केवल उनकी ब्रजभाषा बन गई, जिसमें उर्दू और फ़ारसी की रवानगी, संस्कृत का आभिजात्य और लोकभाषा की शक्ति समा गई। जिसके एक-एक वर्ण में एक-एक शब्द में और एक-एक पर्याय में भावलोक को चित्रित करने की अदम्य क्षमता है।

कवित्त - जगन्नाथदास रत्नाकर की संवेदनशीलता ने बचपन में ही कविता में ढलना शुरू कर दिया था। विद्यार्थी जीवन में ही उन्होंने उर्दू व फ़ारसी के साथ हिन्दी में कवित्त लिखना शुरू कर दिया था। वे 'जकी' उपनाम से उर्दू शायरी करते थे। बाद में उन्होंने ब्रजभाषा काव्य को ही अपना क्षेत्र बना लिया। काव्य सृजन के साथ-साथ उन्होंने अपनी पठन रुचि को भी बराबर विकसित किया। वे साहित्य, दर्शन, अध्यात्म, पुराण-सब पढ़ डालते। रत्नाकर जी का भावों का वैभव है। उनके काव्य-विषय विशुद्ध पौराणिक हैं। आपने इन कथानकों में नवीनता भरकर उन्हें नवीन रूप प्रदान किया। उन्होंने प्रबंध और मुक्तक दोनों प्रकार के काव्य लिखे। वे विशेषतः श्रृंगार के कवि हैं; परन्तु इनके श्रृंगार में न तो रीति काल की अफीमची मादकता है और न नायिका भेद की बारीकी ही है। इनका श्रृंगार भक्ति-परक होकर मर्यादित रूप में सामने आया। विशुद्ध श्रृंगार में भी हृदय की अनुभूतिपूर्ण भावनाओं ही का तीव्र वेग है। राधा-कृष्ण के हृदय में स्वाभाविक प्रेम के उदय पर रत्नाकर जी की कलम का एक दृष्टव्य-

आवन लगी है दिन द्वैक ते हमारे धाम,
रहे बिनु काम काज आई अरुझाई है।
कहैं रत्नाकर खिलौननी सम्हारि राखि,
बार-बार जननी चितावत कन्हाई है।
देखी सुनु ग्वारिनी किती ब्रजवासिन पै,
राधा सी न और अभिहारिन लखाई है।
हेरत ही हेरत हरयौ तौ है हमारो कछु,
काहि धौं हिरानी पै न परत जनाई है।

विरह विरहिनों के हृदय को विदीर्ण कर देता है। विरह-विपत्ति का झेलना अत्यंत कठिन है। इसी की अनुभूति पूर्ण अवस्था का एक उदाहरण निम्नलिखित है-

पीर सों धीर धरावत वीर, कटाक्ष हूँ कुंतल सेल नहीं है।
ज्वाल न याकी मिटे रत्नाकर, नेह कछू तिल तेल नहीं है।
जानत अंग जो झेलत हैं, यह रंग गुलाल की झेल नहीं है।
थामे थमें न बहें अंसुवा, यह रोयबो है, हंसी-खेल नहीं है।

श्रृंगार रस के पश्चात् जगन्नाथदास रत्नाकर जी के काव्य में वीर रस को प्रमुख स्थान मिला है। करुण रस की सुन्दर व्यंजना हरिश्चंद्र में हुई है। इसके अतिरिक्त वीभत्स तथा वात्सल्य आदि रसों का यथास्थान सफलता से चित्रण हुआ है। रत्नाकर जी को भावों के चित्रण में विशेष सफलता मिली है। क्रोध, हर्ष, उत्साह, शोक, प्रेम, घृणा आदि मानवीय व्यापारों की अभिव्यंजना रत्नाकर जी ने बड़ी सफलता से की है। आधुनिक युग के होते हुए भी रत्नाकर जी ने भक्ति काल एवं रीति काल के आदर्शों को अपनाया। इनके काव्य में भक्ति कवियों के भाव की सी भावुकता, रसमग्नता तथा रीति कालीन कवियों जैसा शब्द-कौशल तथा चमत्कार प्रियता मिलती है। इनके काव्य पर आधुनिक युग के बुद्धिवाद का भी प्रभाव है। इनकी उद्धवशतक, गंगावतरण, हरिश्चंद्र आदि रचनायें प्राचीन युग का उच्चादर्श उपस्थित करती हैं।

भाषा-शैली- रत्नाकर जी की काव्य भाषा नवीनता से परिपूर्ण है। उन्होंने ब्रजभाषा को संयत और परिष्कृत रूप प्रदान किया है। ब्रजभाषा के अप्रचलित प्रयोगों को उन्होंने सर्वथा छोड़ दिया। इस प्रकार ब्रजभाषा को खड़ी बोली के समान प्रतिष्ठित करने का उनका सराहनीय प्रयास रहा। उनकी शब्द योजना सर्वथा दोष मुक्त है। भाषा क्लिष्ट भावों की चेरी बन कर चलती है। इसमें इतनी सरलता और स्वाभाविकता है कि भावों को समझने में कठिनाई नहीं पड़ती। भाषा में ओज और माधुर्य गुण मिलता है। इसमें कहीं भी शिथिलता नहीं है। अनुप्रास योजना भाषा को स्वाभाविकता प्रदान करती है। रत्नाकर जी की कविता में संस्कृत के तत्सम शब्दों का प्रयोग खुलकर हुआ है, परन्तु इससे उनकी भाषा में कृत्रिमता और शिथिलता नहीं आने पायी। साहित्यिक स्वरूप में घनानंद की भाषा ही रत्नाकर जी की भाषा की समता कर सकती है।

# कच्चे तेल का सबसे बड़ा उत्पदाक देश कौन



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया कच्चे तेल पर चल रही है। अभी के परिदृश्य के हिसाब ये कहना गलत नहीं होगा। विश्व में जितनी तेजी के साथ विकास हो रहा है उतनी तेजी के साथ कच्चे तेल का उत्पादन और उसकी खपत बढ़ती ही जा रहा है। फाइटर जेट, गाड़ी, मशीन, रॉकेट जैसी तमाम चीजों के लिए तेल चाहिए। और ये सभी तेल कच्चे तेल से बनते हैं। बिना कच्चे तेल के अधिकतर चीजों का बंद होने जैसे है। भले ही आज इलेक्ट्रिक गाड़ियां आ गई हों लेकिन अभी भी अधिकतर चीजें फ्यूल से ही चल रही हैं। कच्चे तेल का उत्पादन नेचुरल तरीके से होता है। इसे बाद रिफाइन करके अलग-अलग चीजों में बदल जाता है। जैसे पेट्रोल, डीजल, केरोसीन आदि। कच्चे तेल के उत्पादन में बड़े-बड़े देश लगे हैं। लेकिन कच्चे तेल का राजा कौन है? ये सवाल सुनते ही आपको अरब देशों की याद आई होगी। क्योंकि बहुत से अरब देश कच्चे तेल का उत्पादन करते है। लेकिन कहानी कुछ और ही है। आइए इसी कहानी को समझने की कोशिश करते हैं।

कच्चे तेल का राजा कौन- 2023 की US एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। अमेरिका हर दिन 21.91 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। अमेरिका के बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सऊदी अरब है। सऊदी अरब हर दिन 11.13 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। नंबर तीन पर रूस है। रूस हर दिन 10.75 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। नंबर चार पर कनाडा है। कनाडा हर दिन 5.76 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। कनाडा के बाद चीन हर दिन 5.26 मिलियन बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है। चीन के बाद इराक 4.42 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है।

## खत्म हो रही इस योजना की डेडलाइन, केंद्रीय कर्मचारियों के पास 30 जून तक मौका



नई दिल्ली (एजेंसी)। जून का महीना खत्म होने वाला है। इस महीने के अंत में केंद्रीय कर्मचारियों से जुड़ी एक वैकल्पिक योजना की डेडलाइन खत्म हो जाएगी। दरअसल, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के पास नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल होने के लिए 30 जून 2025 तक का समय है। मतलब ये कि यूपीएस में शामिल होने की डेडलाइन 30 जून है।

अप्रैल से प्रभावी है योजना- एकीकृत पेंशन योजना आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी है। यह एनपीएस के मौजूदा प्रावधानों के उलट रिटायरमेंट के बाद सुनिश्चित मासिक भुगतान प्रदान करती है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 24 जनवरी 2025 की अधिसूचना में इस बदलाव को औपचारिक रूप दिया। इस योजना का उद्देश्य केंद्रीय सिविल सेवा (एनपीएस के तहत ग्रेच्युटी का भुगतान) नियम, 2021 के अनुरूप रिटायरमेंट और मृत्यु ग्रेच्युटी सहित बढ़े हुए सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करना है। इसमें एनपीएस में नॉमिनेट सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारी शामिल हैं और 1 अप्रैल 2025 तक सेवा में हैं।

बता दें कि यूपीएस रिटायरमेंट से पहले के 12 महीनों में औसत मूल वेतन के 50% के बराबर पेंशन की गारंटी देता है।

## 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी महीने



नई दिल्ली (एजेंसी)। Investment & Precision ने पहली बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। कंपनी की तरफ से तय किया गया रिकॉर्ड डेट इसी महीने है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 4.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 989.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा - एक्सचेंज को दी जानकारी में Investment & Precision ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 27 जून 2025, दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड डेट तय किया है। वहीं, कंपनी की तरफ से शेयरों का अलॉटमेंट 1 जुलाई 2025 को किया जाएगा। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है।

Investment & Precision इससे पहले कंपनी ने कई बार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। 2024 में कंपनी ने एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया है। 2023 में भी कंपनी ने एक रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले 2021 में कंपनी की तरफ से 75 पैसे, 2022 में 25 पैसे का डिविडेंड दिया था।

शेयर बाजार में कैसा रहा है बीता 3 महीने- महज 3 महीने में इस कंपनी ने निवेशकों को 64 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, 1 साल से Investment & Precision के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 67 प्रतिशत का लाभ हो चुका है। कंपनी का 52 वीक हाई 1049 रुपये और 52 वीक लो लेवल 545 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 494 करोड़ रुपये का है।

2 साल में Investment & Precision का शेयर 133 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, 5 साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को 520 प्रतिशत का लाभ मिल चुका है।

## पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ इंडिया ने फंड जुटाने का प्लान बनाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ इंडिया ने फंड जुटाने का प्लान बनाया है। इस सरकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसका निदेशक मंडल 26 जून, 2025 को निर्धारित बैठक में लॉन्ग टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करके फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। इससे पहले वित्त वर्ष 24-25 में बैंक ऑफ इंडिया ने 7.50% कूपन पर 10 वर्षीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के माध्यम से 2,690 करोड़ जुटाए थे। यह बॉन्ड लगभग छह गुना अधिक सब्सक्राइब हुआ था। इसके साथ बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बेसल-III अनुपालन बॉन्ड जारी करके 5000 करोड़ तक जुटाने की योजना की भी घोषणा की।

मार्च तिमाही में बैंक ने 2626 करोड़ का प्रॉफिट दर्ज किया। यह साल-दर-साल 82.5त्न की वृद्धि को दिखाता है। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) या मुख्य आय एक साल पहले की तिमाही में 5936 करोड़ के मुकाबले 2.1% बढ़कर 6063 करोड़ हो गई। इसके साथ ही बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 4.05 डिविडेंड का भी ऐलान किया।

## वैश्विक तनाव के बीच ब्याज दरों में कटौती से विकास को मिलेगा बढ़ावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था कि रेपो रेट में कटौती से आर्थिक विशेषज्ञ इस बात को लेकर निश्चित होंगे कि केंद्रीय बैंक वैश्विक तनाव के बीच विकास का समर्थन कर रहा है। शुक्रवार को एमपीसी बैठक के मिनट्स जारी किए गए। मौद्रिक रुख में बदलाव के बारे में उनका मानना था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ रखने से केंद्रीय बैंक को उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के हिसाब से रेपो रेट में कटौती या वृद्धि करने के लिए आवश्यक लचीलापन मिलेगा।

मल्होत्रा ने कहा, उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और विकास को समर्थन देने की उम्मीद है। छह जून को आरबीआइ गवर्नर की अध्यक्षता वाले छह सदस्यीय पैनल ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती की थी। इस तरह, पिछले पांच महीनों रेपो रेट में कुल कटौती 100 आधार अंक हो गई है। इसके अलावा, नीतिगत रुख को उदार से तटस्थ में बदल दिया गया। तीन दिवसीय बैठक (4-6 जून) के दौरान पांच सदस्यों ने रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती के लिए मतदान किया जबकि समिति के एक बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 25 आधार अंकों की कटौती का सुझाव दिया था। पिछले कुछ महीनों में मुद्रास्फीति में लगभग तीन प्रतिशत की तीव्र कमी (अक्टूबर 2024 में 6.2 से अप्रैल 2025 में 3.2) और वार्षिक औसत मुद्रास्फीति में लगभग एक प्रतिशत की कमी के साथ 4.6 से 3.7 प्रतिशत तक अनुमानित महंगाई दर को देखते हुए मल्होत्रा ने 50 आधार अंकों की कटौती के लिए मतदान किया था।

आगे किसी तरह की छूट देने की गुंजाइश कम एमपीसी में आरबीआइ के तीन अधिकारी-गवर्नर मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन और सरकार द्वारा नियुक्त तीन सदस्य-नागेश कुमार, सौगत भट्टाचार्य और राम सिंह शामिल हैं। मिनट्स के अनुसार, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता की यह भी राय थी कि रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती से नीतिगत निश्चितता को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था से उत्पन्न चुनौतियों का अधिक प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकेगा।

## बाजार नियामक सेबी ने टाटा की इस कंपनी को आईपीओ के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के ड्राफ्ट पेपर को मंजूरी दी



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीओ मार्केट में टाटा की एक और कंपनी एंट्री को तैयार है। यह टाटा संस की सहायक कंपनी टाटा कैपिटल है। टाटा कैपिटल संभवतः 17,200 करोड़ रुपये की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च करने के एक कदम और करीब आ गई है। ईटी की खबर के मुताबिक बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आईपीओ के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के ड्राफ्ट पेपर को मंजूरी दे दी है। बता दें कि टाटा कैपिटल की ओर से यह ड्राफ्ट पेपर गोपनीय रूट से दायर किए गए थे।

अब आगे क्या होगा- सेबी द्वारा गोपनीय ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को मंजूरी दिए जाने के बाद अब कंपनी एक बार फिर अपडेटेड ड्राफ्ट पेपर फाइल करेगी। इसके बाद कंपनी IPO के लॉन्चिंग से ठीक पहले सेबी के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल करेगी।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हाईवे पर हो रहीं लूट की घटनाओं में कटनी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली

कटनी। पिछले कुछ समय से हाईवे पर हो रहीं लूट की घटनाओं में कटनी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक आरोपित को छतरपुर से गिरफ्तार किया। कटनी लाते समय आरोपित ने रास्ते में भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर कर उसे फिर पकड़ लिया। आरोपित के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।क्या था पूरा मामला?



बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपित की लोकेशन कटनी पुलिस को छतरपुर में मिल रही थी। इसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम को छतरपुर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि इससे पहले हाईवे पर हो रही लूट की घटनाओं को लेकर शुक्रवार की रात बड़ी संख्या में पुलिस बल ने पारधी डेरों में दबिश दी थी। इसी दौरान गांधीग्राम पन्ना निवासी एक आरोपित इतवार सिंह बहेलिया की लोकेशन छतरपुर में मिली। इस इनपुट के बाद पुलिस की दो टीमें पन्ना और छतरपुर के लिए रवाना हुईं। छतरपुर के पास से आरोपित को पुलिस टीम ने पकड़ लिया और उसे लेकर कटनी के लिए रवाना हुई।

शनिवार की सुबह जब पुलिस टीम कुठला थानांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर के पास पहुंची, तभी गाड़ी का टायर पंचर हो गया। वाहन चालक जब गाड़ी का टायर बदल रहा था, उसी दौरान बदमाश इतवार सिंह बहेलिया ने उपनिरीक्षक महेंद्र जायसवाल की पिस्टल छीनी और फायर करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें आरोपित को पैर में गोली लगी।

## भोपाल की ओर से लोगों पारदर्शी और सुविधाजनक पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना शुरू किया




भोपाल। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल की ओर से लोगों पारदर्शी और सुविधाजनक पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मोबाइल पासपोर्ट वेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस सेवा का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों में पासपोर्ट सुविधाएं सहजता से उपलब्ध करवाना है। पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया ने शुक्रवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल में मोबाइल पासपोर्ट वैन का अनावरण किया।क्षेत्र के जिलों में तैनात होगी वैन

यह मोबाइल सेवा, भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले जिलों में आवश्यकता के अनुसार दीर्घकालिक रूप से तैनात की जाएगी। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए मध्यप्रदेश के निवासी पासपोर्ट सेवा की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट बुक कर सकते हैं। आवेदन करते समय 'पासपोर्ट वेन' सेवा का चयन करें और उपलब्ध तिथियों में से अपनी सुविधा के अनुसार अपना स्लाट निर्धारित करें। अपाइंटमेंट वाले दिन, आवेदक को निर्धारित समय पर बताए गए स्थान पर पहुंचना होगा। लोगों के समय की होगी बचत

वहां मौजूद मोबाइल पासपोर्ट वैन टीम से संपर्क करना होगा। वेन में ही दस्तावेज़ों की जांच, फोटो और बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस पहल से दूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं सरल, सुलभ और आसान तरीके से उपलब्ध होंगी। अधिक जानकारी और सहायता के लिए आवेदक पासपोर्ट सेवा की आधिकारिक वेबसाइट पर या क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल से संपर्क कर सकते हैं। इससे लोगों के समय की बचत होगी।

# MP High Court में जुलाई से होगी नर्सिंग प्रकरण की सुनवाई

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन व न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कालेज फर्जीवाड़े से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई जुलाई माह से अब दिन-प्रतिदिन करने की व्यवस्था दी है। कोर्ट ने साफ किया कि यह प्रदेश के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है। ऐसे में, 3 जुलाई से रोजाना सुनवाई की जाएगी। हाई कोर्ट में नर्सिंग प्रकरण की सुनवाई दरअसल, लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से मामले का जल्द निराकरण करने का अनुरोध किया गया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि नर्सिंग मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका को सभी नर्सिंग मामलों का लीड केस मानते हुए सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देशित किया कि कोई भी नर्सिंग से संबंधित प्रकरण जो भविष्य में सुनवाई हेतु पेश किए जाते हैं तो उनकी एक प्रति याचिकाकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी।



**अधिकारियों की अनुपस्थिति पर फटकार**-उल्लेखनीय है कि विगत 3 साल से हाई कोर्ट में नर्सिंग घोटाले की सुनवाई हो रही है। हाई कोर्ट की मॉनिटरिंग में हुई सीबीआई जांच के बाद अब मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की संख्या 200 के आसपास रह गई है। मामले में इतनी बड़ी संख्या में अपात्र कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों और अपात्र कॉलेजों के विरुद्ध कार्रवाई होना शेष है। विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल की सचिव और एमपी नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार व चेयरमैन को अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों की अनुपस्थिति पर हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। दोनों की ओर से हाजिरी माफी के आवेदन पर भी कोर्ट ने सुनवाई नहीं की।

# बहन की मौत से परेशान भाई मोबाइल टावर पर चढ़ा

शिवपुरी । कोलारस थानांतर्गत मानीपुरा में एक युवक रवि पुत्र गणेशा जाटव उम्र 22 साल निवासी मानीपुरा शनिवार की शाम एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक अपनी बहन काजल की मौत से क्षुब्ध था। उल्लेखनीय है कि 16 जून को खुड़ा क्षेत्र में निवासरत एक नवविवाहिता काजल जाटव ने अपनी शादी के 46 दिन बाद अपनी ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बहन की आत्महत्या से युवक इतना व्यथित हो गया कि वह शनिवार को एक निजी कंपनी के मोबाइल टावर पर चढ़ गया और मृतिका के ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग करने लगा। रवि का कहना था कि काजल की ननद, सास, पति सहित शुभम, विकास के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर पहुंची पुलिस व रवि के स्वजनों ने उसे समझाइश देकर नीचे उतारा। युवक द्वारा टावर पर चढ़ने के मामले में मोबाइल कंपनी की भी बड़ी लापरवाही सामने आई है।

# सरकारी स्कूलों में खड़े होकर टीचर लेंगे सेल्फी, तभी लगेगी उनकी हाजिरी

भोपाल। मास्टर साहब अब बिना स्कूल जाए हाजिरी नहीं लगा पाएंगे। उन्हें स्कूल में मुंह दिखाना ही होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने ई-गवर्नेंस के तहत हमारे शिक्षक प्रणाली शुरू की है। शिक्षकों को अब स्कूल पहुंचकर अपनी सेल्फी लेकर इस सिस्टम पर अपलोड करना होगा। इस सेल्फी के साथ उनकी लोकेशन भी पोर्टल में दर्ज हो जाएगी। स्कूल का समय खत्म के बाद भी इसी तरह दोबारा उपस्थिति दर्ज करानी होगी।शिक्षकों के लिए स्कूल में हाजिरी का नया नियम



दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने एक जुलाई से हाजिरी का यह नया नियम अनिवार्य कर दिया है। यह प्रणाली शिक्षा पोर्टल 3.0 पर उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक शिक्षक के मोबाइल पर इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। शिक्षकों को प्रतिदिन स्कूल के निर्धारित समय के एक घंटे बाद तक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। स्कूल बंद होने के समय से आधा घंटा पहले से आधा घंटा बाद तक स्कूल से वापसी की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद उपस्थिति दर्ज करने पर आधा दिन का आकस्मिक अवकाश दर्ज किया जाएगा। शिक्षकों को 13 आकस्मिक अवकाश व तीन ऐच्छिक अवकाश से समायोजन किया जा सकेगा। 23 जून से 30 जून तक इसका प्रायोगिक परीक्षण शुरू हो रहा है। इसके बाद 1 जुलाई से इससे उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे जो शिक्षक अपने स्थान पर दूसरों को पढ़ाने भेजते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, उस पर लगाम लग सकेगी। नए निर्देशों के मुताबिक इसकी निगरानी जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे।

अपनी जगह दूसरों से पढ़वा रहे शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सवाल खड़े होते रहते हैं। पिछले दिनों सागर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में ऐसे शिक्षक पकड़े गए, जो अपनी जगह पर दूसरों से पढ़ाई करवा रहे थे। वहीं कुछ शिक्षक स्कूलों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं। बार-बार फेल होती है हाजिरी की ऑनलाइन व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 2017, 2020 और 2022 में आनलाइन उपस्थिति शिक्षा मित्र एप के जरिए शुरू की गई थी, लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया। कभी स्मार्ट फोन तो कभी नेटवर्क का बहाना बनाकर आनलाइन उपस्थिति की प्रक्रिया ठीक से लागू नहीं हो पाई।



# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किये जाएंगे प्रभावी एवं परिणाममूलक प्रयास

## इंदौर जिले के सभी पेट्रोल पम्पों पर पीयूसी जांच केन्द्र स्थापित करना होंगे- जांच केन्द्र नहीं होने पर की जायेगी कार्रवाई



इंदौर। इंदौर जिले में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु प्रभावी एवं परिणाममूलक प्रयास किये जाएंगे। इसके तहत जिले में सघन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी। अभियान में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाईयों और वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही होगी। जिले में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए अनेक प्रभावी कदम भी उठाये जाएंगे। जिले में सभी पेट्रोल पम्पों पर पीयूसी जांच केन्द्र स्थापित करना होंगे। जांच केन्द्र नहीं होने पर कार्रवाई की जायेगी।

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, एमपीआईडीसी के कार्यकारी अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर, संयुक्त संचालक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री एस.एन. द्विवेदी, महाप्रबंधक उद्योग श्री स्वप्निल गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह ने निर्देश दिए कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी विभागों के साथ मिलकर संयुक्त कार्य योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जिले में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए प्रभावी एवं परिणाममूलक प्रयास किये जाए। प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाईयों और वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। यह प्रयास किये जाए कि कोयले से संचालित होने वाली औद्योगिक इकाइयां जल्द ही गैस के संचालन में परिवर्तित हो जाए। इसके लिए सभी संबंधित औद्योगिक इकाइयों से संपर्क कर उन्हें समझाइश दे। समय-सीमा देकर यह कार्य करवाया जाए। समय सीमा में अपनी औद्योगिक इकाईयां गैस में परिवर्तित नहीं करने पर कार्यवाही की जाए। इसी तरह उन्होंने वाहनों के माध्यम से प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बगैर सूक्ष्म जांच के वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं हो। हर वाहन की सूक्ष्मता से जांच की जाना चाहिए। इसी तरह उन्होंने पोर्टल आधारित पीयूसी प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए संयुक्त जांच अभियान चलाने के निर्देश ?दिये और कहा कि फिटनेस और पीयूसी प्रमाण पत्र नहीं रखने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हो। ऐसे पीयूसी संचालक जो बगैर जांच के ऑफलाइन पीयूसी प्रमाण पत्र जारी कर रहें है उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाए। उन्होंने पोर्टल आधारित पीयूसी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सभी पेट्रोल पंपों सहित अन्य स्थानों पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओपन बॉयोमास कचरा एवं खुले में कचरा जलाये जाने पर कार्यवाही की जाए। ज्यादा धूल उड़ने वाले स्थानों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर मैकेनिकल स्वीपिंग व नियमित जल छिड़काव किया जाए। शहरों के आस-पास के खेतों/ग्रामीण क्षेत्रों में पराली जलाये जाने पर सतत निगरानी रखी जाए। पराली जलाने पर चालानी कार्यवाही की जाए।

## इंदौर में योग दिवस पर सिंधिया ने किया अभ्यास, कहा- बेहतर जीवन के लिए व्यायाम आवश्यक



इंदौर। इंदौर में राजवाड़ा के गणेश हॉल में योग दिवस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनप्रतिनिधियों और लोगों के साथ योग किया। सिंधिया ने इस मौके पर कहा कि स्वस्थ शरीर में ही सकारात्मक विचार आते हैं। बेहतर जीवन शैली के लिए व्यायाम आवश्यक है। इस भारतीय योग विधा को विश्व के कई देशों ने अपनाया है।

योग एक स्वअनुशासन-कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि योग एक स्वअनुशासन है। योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। भारत की संस्कृति हमें सिखाती है कि सभी का कल्याण हो। मैं से हम की यात्रा सेवा समर्पण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि योग को लोक शैली और दिनचर्या का हिस्सा बनाए। विश्व में योग के प्रचार के लिए भारत विज्ञान की मदद ले रहा है। इस पर रिसर्च हो रही है। भारतीय चिकित्सा में इसका महत्व बढ़ने लगा है।

ये रहे मौजूद- इस दौरान मंत्री सिंधिया के साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला भी मौजूद रहे। इंदौर में गोपुर चौराहे पर भी सामूहिक योग किया गया। अभिनेत्री अदा शर्मा ने शहवासियों के साथ योग के विभिन्न आसान किए। इसके अलावा अभय प्रशाल में भी योग दिवस पर हजारों लोगों ने योग कर रिकॉर्ड बनाया।

## महू क्षेत्र के जलप्रपातों व एकांत पर्यटन स्थलों पर आम जनता के प्रवेश पर प्रतिबंध

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से महू तहसील अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों पर आमजन के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है।

यह प्रतिबंध तिंछा फॉल, चोरल फॉल, चोरल डेम, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मेहंदी कुण्ड, जामन्या कुण्ड, मोहाडी फॉल, रतबी वॉटरफॉल, लोहिया कुण्ड, जूनापानी, चिड़िया भड़क, बामनिया कुण्ड, जोगी भड़क, हत्यारी खो आदि जैसे जलप्रपातों एवं एकांत पर्यटन स्थलों पर लागू होगा।

श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उक्त स्थलों पर सूचना बोर्ड लगाएं एवं जहाँ आवश्यक हो वहाँ भौतिक सीमाएं भी निर्धारित करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित थाना प्रभारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराना होगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु हरिनारायण नामदेव का हुआ नागरिक अभिनन्दन

## रोग मुक्त जीवन जीना चाहते हैं तो योग को दैनिक जीवन में अपनाएं - योग गुरु नामदेव



इंदौर। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सुबह तुलसी नगर के सरस्वती धाम में आयोजित एक भव्य समारोह में शहर के प्रख्यात योग गुरु हरिनारायण नामदेव का नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड 37 की पार्षद संगीता महेश जोशी, वार्ड 36-37 रहवासी महासंघ के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार के.के. झा, अध्यक्ष राजेश तोमर, श्री तुलसी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सचिव शिव बहादुर सिंह, मार्गदर्शक शंभूनाथ सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी बसंत नायक, संजय यादव, महिप धींग, राकेश जयसवाल, वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा सहित क्षेत्र के अन्य सम्मानित वरिष्ठ जनों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से सम्मानित किया गया।

समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा उन्नासी वर्षीय योग गुरु नामदेव का योग के प्रति उनके चार दशकों के समर्पण और समाज में इसके प्रचार-प्रसार के लिए किए गए निःस्वार्थ प्रयासों को सराहा गया। सम्मानित होने पर समाजजनों के प्रति कृतग्यता व्यक्त करते हुए योग गुरु नामदेव ने कहा कि , ÷पिछले 40 वर्षों से वे योग के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरुप जिससे हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने लोगों से ज़ावाहन किया कि यदि वे रोगमुक्त जीवन जीना चाहते हैं और अस्पतालों के चक्कर से बचना चाहते हैं, तो योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

इस अवसर पर हरिओम योगपीठ के संस्थापक योग गुरु रमेश पाटिल तथा योग गुरु प्रेम कैरो को भी सम्मानित किया गया।

# इंदौर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई


इंदौर। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और मदिरा दुकानों पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिला आबकारी विभाग द्वारा विगत दिनों सख्त कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा की गई गहन जांच में 18 शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक या एमएसपी से कम मूल्य पर मदिरा विक्रय किए जाने के प्रमाण पाए गए थे। संबंधित सभी लाइसेंसियों को नोटिस के उपरांत प्रकरण सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी द्वारा कलेक्टर श्री आशीष सिंह के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किये गए थे। कलेक्टर द्वारा 08 प्रकरणों का निराकरण करते हुए इन दुकानों पर 20.82 लाख रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है, जिसका इंद्राज सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा ई-आबकारी पोर्टल पर अद्यतन किया गया है। शेष प्रकरणों का निराकरण भी शीघ्र किया जाएगा। जिन दुकानों पर जुर्माना अधिरोपित किया गया गया है उनमें कंपोजिट मदिरा दुकान पलासिया क्रमांक-2 पर 3 लाख 20 हजार 937 रूपये, लसूड़िया गोदाम क्रमांक-02 स्थित मदिरा दुकान पर 6 लाख 42 हजार 696 रूपये, बंगाली चौराहा क्रमांक-01 की दुकान पर 7 लाख 23 हजार 943 रूपये, गिरोता स्थित दुकान पर 5 लाख 8 हजार 951 रूपये, मच्छी बाजार स्थित दुकान पर 1 लाख 8 हजार 35 रूपये, संयोगितागंज स्थित दुकान पर 1 लाख 26 हजार 271 रूपये, बोरसी स्थित दुकान पर 61 हजार 929 रूपये और तोड़ी स्थित दुकान पर 39 हजार 553 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में प्रत्येक मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट लगी है तथा क्यूआरकोड भी चस्पा है, जिसे स्कैन करके अलग-अलग ब्रांड और लेबल की मदिरा का अधिकतम और न्यूनतम विक्रय मूल्य देखा जा सकता है।

# रोजगार मेले में 208 युवक-युवतियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

इंदौर। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 20 जून को जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया । आयोजित रोजगार मेले में निजी कंपनी के 500 से अधिक रिक्त पदों हेतु 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर प्राम्भिक रूप से चयन किया गया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 342 आवेदक/आवेदिका का पंजीयन किया गया, जिसमें 112 आवेदिका तथा 230 आवेदक थे। कंपनियों के प्रतिनिधियो द्वारा कुल 208 का चयन किया गया, जिसमें 166 आवेदक और 42 आवेदिका शामिल हैं। रोजगार मेले में श्याम (टाटा) मोटर्स, मौजेक वर्क स्किल, ओसियन मोटर्स, राणा मोटर्स, आईआईएफएल सिक्योरिटी, शेफाली बिज़नेस सोल्यूशन, कैरीफास्ट लोजिस्टिक्स, बालाजी एल्युबूल्ट, वी फाइव ग्लोबल , निलंचल इंफ्रा, क्रेस कारपोरेशन आदि कंपनियों में युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से एच आर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग, हेल्पर, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, डिलेवरी बॉय, आदि पदों के लिए चयन किया गया ।

# इंदौर जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को मिलेगी नई गति

## स्कूल-कॉलेज होंगे केंद्र, 101 स्कूलों को किया गया तंबाकू मुक्त घोषित



इंदौर। इंदौर जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में न केवल जनजागरूकता गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा, बल्कि तंबाकू नियंत्रण को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। अब स्कूलों, कॉलेजों, कॉलोनियों और गांवों में विशेष रूप से जागरूकता और निगरानी की गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।

यह निर्णय आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बैठक में जिले में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि इंदौर में तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत अभिनव पहल करते हुए अब तक 101 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। इस कार्य को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

शैक्षणिक संस्थानों में होगी विशेष पहल- अभियान के अगले चरण में स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति कमेटियों का गठन किया जाएगा। शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें समाज में जागरूकता लाने के लिए सक्षम बनाया जाएगा।

# इंदौर में उपयोगित जल प्रबंधन पर 2 दिवसीय कार्यशाला 26 जून को

इंदौर। इंदौर में 2 दिवसीय उपयोगित जल प्रबंधन पर कार्यशाला 26 एवं 27 जून को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई है। कार्यशाला में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के उपयोगित जल प्रबंधन से संबंधित इंजीनियर शामिल होंगे। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त, संभागीय संयुक्त संचालक, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट मैनेजमेंट कंसल्टेंट और औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिक अधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यशाला उपयोगित जल के प्रभावी प्रबंधन, नवीन तकनीकों और नीति निर्माण से जुड़े पहलुओं पर केन्द्रित रहेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि कार्यशाला नगरीय जल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक सार्थक पहल साबित होगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गुगल लिंक के माध्यम से कार्यशाला में पंजीयन सुनिश्चित करें।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# सिंहस्थ 2028 में क्षिप्रा घाटों पर एक दिन में पांच करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे

उज्जैन । सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं को विकसित और विस्तारित घाटों की ऐसी सुविधा उपलब्ध होगी जिससे 24 घंटे में पांच करोड़ श्रद्धालु पुण्य स्नान का लाभ ले सकेंगे। क्षिप्रा के दोनों ओर लगभग 30किलोमीटर की लम्बाई में विकसित घाटों पर सुविधाजनक ढंग से स्नान संभव होगा। यह सिंहस्थ ऐतिहासिक सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर देश के लिए उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने गत दिवस भोपाल के भारत भवन में छह दिवसीय सदानीरा समागम का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि जल संचयन और जल संरक्षण की आदिकाल से परम्परा रही है। मनुष्य भोजन के बिना रह सकता है लेकिन जल के बिना अधिक दिन जीवित नहीं रह सकता। भारतीय परम्परा में जीवन के अंत में भी गंगा जल आवश्यक माना गया है। जल आक्सीजन भी प्रदान करता है। मध्यप्रदेश सरकार ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का अभियान संचालित किया। प्रदेश के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य चल रहा है। अनेक पोखर, जलाशय और बावड़ियों को पुनर्जीवन भी प्राप्त हुआ है। इस अभियान में सरकार और समाज ने संयुक्त रूप से कार्य करके दिखाया है। देश में जल संरक्षण के कार्य में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले जिलों की सूची तैयार की गई तो भारत सरकार के मापदंडों के आधार पर मध्यप्रदेश का खण्डवा जिला प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह पानी के संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। सदानीरा समागम में 6 दिन तक निरंतर विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें जल एकाग्र डाकयू ड्रामा, फिल्में, गायन, नदीनामा के अंतर्गत काव्यपाठ, नृत्य नाटिका आदि शामिल रहेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश से ढाई सौ से अधिक नदियों का उद्गम और प्रवाह होता है। यहां तक कि पुण्य सलिला गंगा जी को जल संपन्न बनाने में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से निकली सोन नदी का भी योगदान है। बेतवा भी यमुना में जाकर समाहित होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदानीरा समागम के स्वरूप की सराहना की। प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने सदानीरा समागम में छह दिन तक होने वाली गतिविधियों को विवरण दिया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्री श्रीराम तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## योग दिवस पर अभाविश्व गायत्री परिवार के योगगुरू ने अष्टविनायक मंदिर में कराये योगासन



उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून 2025 को भाजपा महाराजवाड़ा मंडल द्वारा आयोजित योगोत्सव के तहत अष्टविनायक गणेश मंदिर, हाटकेश्वर धाम, सिंहस्थ बायपास उज्जैन पर अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार के योगगुरू मोहन हिंगोले, शिवांगी शर्मा के सानिध्य में गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने विविध योगासन किये।

भाजपा महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में हुए योगोत्सव मीडिया प्रभारी महेन्द्र जायसवाल के अनुसार योग गुरूओं ने योगासन करने के लाभों से भी उपस्थितजनों को अवगत कराया।

योगोत्सव में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष इकबालसिंह गांधी, समाजसेवी रवि सोलंकी, राजेन्द्र झालानी, इंदर चौधरी, जितेन्द्र आंजना, विजय चौधरी, ध्रुप्रतसिंह पंवार, कुंदन माली, गोपाल अग्रवाल, जयसिंह आंजना, कन्हैयालाल चौहान, संजय आंजना सिकंदरी, संजय आंजना गोठड़ा, अजय शुक्ला, दीपक कुमावत, कमलेश खत्री, सचिन वर्मा, संजय चौकसे, रफीक शेख, सोनू बिजोरिया, वैशाली परमार, अशोक माली, हरीश माली, भरत पोरवाल, राजपाल ठाकुर, कार्तिकेय मिश्रा, लक्ष्मीनारायण चौधरी, निमेष यादव आदि उपस्थित रहे। भाजपा महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल ने उत्सव का संचालन किया व आभार व्यक्त किया।

## रिज़र्व बैंक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



उज्जैन। ग्राम मानपुरा में 20 जून 2025 की दोपहर बारह बजे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उपभोक्ता शिक्षण एवं संरक्षण कक्ष प्रबंधक-पूजा देवांगन,सहायक प्रबंधक-पंकज गाकरे तथा सहायक प्रबंधक-दिव्या दीक्षित द्वारा उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि अनजान नंबर से आपके बैंक खाते की जानकारी माँगें या लालच देकर ओटीपी की मांग करता है तो अपनी जमा राशि सुरक्षित रखने के लिए जानकारी नहीं दें तथा सम्बन्धित बैंक से तुरन्त सम्पर्क करें ।

## भाविप की सातों शाखाओं के साथ पीजीबीटी योग केंद्र ने किया योग



उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद उज्जैन महानगर की सातों शाखाओं एवं पीजीबीटी योग केंद्र उज्जैन द्वारा योग किया गया।

भाविप महानगर समन्वयक प्रकाश चित्तौड़ा, पी जी बी टी कॉलेज प्राचार्य डॉ राजीव पंड्या, योगाचार्य गिरिजेश व्यास, योगाचार्य डॉ. लतिका व्यास, मार्गदर्शक ईश्वर पटेल, रीजनल सेक्रेट्री ओम गुप्ता, रविंद्र सोनी, सुनील लविंगकर मौजूदगी में भारत विकास परिषद् सांदीपनि के अध्यक्ष अनिल वैष्णव, क्षिप्रा शाखा के मुकेश लखवानी, हरसिद्धि शाखा की आरती खरे, अवंतिका शाखा के अजय मिश्रा, उज्जैन शाखा के संदीप पांडे सदस्यों एवं पीजीबीटी महाविद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों द्वारा 21 जून, शनिवार प्रातः 6:45 से योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता एवं भारत की इस महत्वपूर्ण धरोहर के संपूर्ण विश्व में प्रचार प्रसार के उद्देश्य से मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीजीबीटी हॉल दशहरा मैदान में योगाभ्यास के पश्चात सभी ने पौष्टिक आहार ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक अनिल वैष्णव थे।

# 80 संस्थाओं के 850 कलाकारों ने 12-12 घंटे दी गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुति



उज्जैन। विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष में उज्जैन में हुए संगीत समारोह संगीत का महाकुंभ के दो दिवसीय आयोजन में 80 संस्थाओं के 850 कलाकारों ने गायन वादन और नृत्य की प्रस्तुति दी। आखिरी दिन मुख्य आकर्षण संगीतकार गिरीश विश्वा रहे। जिन्होंने लाइव बैंड पर प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

संस्था हारमोनियम बिट्स की अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने बताया कि विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी के संकुल हाल में संगीत समारोह संगीत का महाकुंभ का आयोजन किया गया। दो दिवसीय विश्व संगीत के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत सुबह रोड शो से हुई। सारेगामापा एवं इंडियन आइडल के संगीत निर्देशक संगीतकार गिरीश विश्वा के रोड शो में शहर के सभी संगीतज्ञ संगीत प्रेमी सहित कला प्रेमी शामिल हुए।

रोड शो सुबह 10 नानाखेड़ा से शुरू होकर टावर, शहीद पार्क होते हुए कालिदास अकादमी पहुंचा। संगीतकार गिरीश विश्वा ने कहा कि मैं यहां महाकाल की नगरी में दो दिवसीय संगीत समारोह संगीत का महाकुंभ के समस्त कलाकारों को अपनी अपनी विधाओं में उनकी कला का प्रदर्शन देखकर अभिभूत और आश्चर्य चकित हूं, इस धार्मिक एवं छोटे शहर में भी इतने काबिल कलाकार रहते हैं जिन्हें उचित मौका नहीं मिलने पर अपना मुकाम नहीं पाते हैं। मैं आप सभी शहर वासियों से वादा करता हूं। मुंबई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम सा रे गा मा एवं इंडियन आइडल के ऑडिशन का सत्र उज्जैन में लगवाउंगा और ऑडिशन सत्र लगाने के पहले में चुनिंदा कलाकारों को अपनी निगरानी में प्रशिक्षण देकर ऑडिशन में भेजूंगा, जिससे शहर के कलाकारों को सारेगामापा एवं इंडियन आइडल प्रोग्राम में भाग लेने का मौका मिले। प्रीति दीक्षित के अनुसार दो दिनी कार्यक्रम में प्रतिदिन 12 12 घंटे की प्रस्तुतियां हुई, जिसमें 80 संस्थाओं के 850 कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। शहर में अब तक किसी भी कार्यक्रम में इतनी अधिक संख्या में कलाकारों की प्रस्तुति का यह रिकॉर्ड है। कार्यक्रम को महाकाल भक्ति चैनल के माध्यम से देश विदेश के लाखों लोगों ने लाइव देखा। संगीतकार गिरीश विश्वा को चौथा विश्व संगीत सांस्कृतिक कला सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

## गौ पालक सम्मेलन में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग



उज्जैन। राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन गौ पालक गौशाला संचालक के सम्मेलन में श्री पावन धाम गौशाला पिपलोदा सागौती माता की सहभागिता रखने के लिए श्री पावन धाम गौशाला के संस्थापक रमेशचंद्र गुरुजी महाराज और प्रदेश अध्यक्ष लखन बाथम के निर्देश पर प्रदेश मीडिया प्रभारी वीरमदेव व रतलाम जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व विदिशा जिला अध्यक्ष देवी सिंह धानुक ने गौशाला का प्रतिनिधित्व किया।

जिसमें उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा और राज्य मंत्री लखन पटेल से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की। आपने कहा कि गौ माता हमारी राष्ट्र माता है। गौ माता को राज्य माता व राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिए। इस दौरान श्री पावन धाम हिंदू संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भोपाल राज्य स्तरीय गौ पालक सम्मेलन में मौजूद रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com